फर्जीवाड़ा | चयन प्रक्रिया में मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन का फर्जी प्रमाण पत्र लगाया था

# फर्जी डॉक्टरों का भंडाफोड़, 2 गिरफ्तार

**1 अभिरक्षा में, एक वर्ष से संजीवनी क्लीनिक में थे नियुक्त**





**नवभारत दमोह 17 मई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सुभाष कॉलोनी दमोह में संचालित संजीवनी क्लीनिक में फर्जी एमबीबीएस डिग्री और रजिस्ट्रेशन के आधार पर नौकरी कर रहे दो फर्जी डॉक्टरों को दमोह पुलिस ने गिरफ्तार किया है और एक अन्य आरोपी को जबलपुर से अभिरक्षा में लिया गया है.**

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) 16 मई को सीएमएचओ कार्यालय से जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ. जांच में सामने आया कि डॉ. कुमार सचिन यादव निवासी ग्वालियर व डॉ. राजपाल गौर निवासी सीहोर ने चयन प्रक्रिया में फर्जी व कूटरचित एमबीबीएस डिग्री, मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज लगाए थे.

## आरोपियों पर मामला दर्ज

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया व नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया.

## आम जनता के स्वास्थ्य के साथ किया खिलवाड़

इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दोनों करीब एक वर्ष से संजीवनी क्लीनिक में नियुक्त थे. आरोपियों ने शासकीय संस्था को धोखा देकर अवैध लाभ प्राप्त किया और आम जनता के स्वास्थ्य व जीवन से गंभीर खिलवाड़ किया.

## भोपाल की संस्थाओं की भूमिका भी संदिग्ध

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने बताया कि डॉ. अजय मोर्य को जबलपुर संजीवनी अस्पताल में कार्यरत था. पूछताछ में पैसा लेकर फर्जी एमबीबीएस डिग्री, डॉक्टर रजिस्ट्रेशन और दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले कई लोगों के नाम सामने आए हैं. पुलिस की टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं.फर्जी डिग्री के आधार पर राज्य स्तरीय संस्था के माध्यम से नियुक्ति कराना गंभीर विषय है. इसमें भोपाल स्तर की संस्थाओं की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है.

## इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, उनि. नीतेश जैन, सउनि. रमाशंकर मिश्रा, प्रआर. सौरभ टंडन, प्रआर. राकेश अठ्या, प्रआर. हेमंत अवस्थी, प्रआर. अभिषेक चौबे, प्रआर. महेश यादव, प्रआर. अजीत दुबे, आरक्षक ओमप्रकाश रैकवार, आरक्षक ब्रजेन्द्र मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही.

# अधिक मास में दान-पुण्य का है बड़ा महत्व

**श्रीमद् भागवत कथा में भगवान की महिमा का किया वर्णन**



**कुम्हारी नवभारत 17 मई। अधिक माह में किए गए छोटे से दान पुण्य से फल अधिक मिलता है। कुम्हारी चीलघाट में चल रही भागवत कथा में सुबह से शिवलिंग निर्माण अभिषेक पूजन, शाम को कथा का रसपान चल रहा श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक आदित्य प्रभाकर ने भक्तों को धर्म, भक्ति और सदाचार का महत्व बताते हुए भगवान की महिमा का विस्तार से वर्णन किया।**

कथा श्रवण के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे है, वहीं कथा में मनु-शतरूपा की कथा के माध्यम से सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन होता है। कपिल मुनि का ज्ञान देवहूति और कर्दम ऋषि के प्रसंग में कपिल मुनि का प्राकट्य और उनके द्वारा मां को दिया गया भक्ति का मार्ग समझाया जाता है।

## ध्रुव की अटूट भक्ति और तपस्या की कथा सुनाई

5 वर्ष के बालक ध्रुव की अटूट भक्ति और उनकी तपस्या की कथा सुनाई गई, जिससे प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें अचल 'ध्रुव तारा' का स्थान प्रदान किया। समुद्र मंथन और अवतार इस दिन समुद्र मंथन की लीला और भगवान के अवतारों का प्रसंग भी मुख्य रूप से सुनाया गया संगीतमय कथा में भक्त, श्रद्धालु भजनों का आनंद लेते हुए झूमते गाते नजर आए।

# मलेरिया विभाग द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस



नवभारत,दमोह. शासन के निर्देशानुसार दिनांक 16 मई 2026 को प्रतिवर्षानुसार राष्ट्रीय डेंगू दिवस् मनाया गया इस वर्ष की थीम डेंगू नियंत्रण के लिए जनभागीदारी जांच करें, सफाई करें और ढंके ताकि आगामी समय में मच्छर से होने वाली डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके ।मलेरिया विभाग द्वारा दिनांक 16 मई को डॉ.राजेश कुमार अठया ,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह के निर्देशन में मलेरिया कार्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में समस्त कर्मचारियों को डेंगू से बचाव की शपथ दिलाई गई ।शपथ ग्रहण कार्यक्रम के उपरांत डेंगू प्रचार रथ को जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर समस्त कर्मचारियों की रैली को रवाना किया गया ।डेंगू प्रचार रथ के द्वारा माईकिंग कर शहर के विभिन्न स्थानों में डेंगू से बचाव संबंधी प्रचार-प्रसार कर पंपलेट वितरण किया गया। श्रीमती यामिनी सिलारपुरिया, जिला मलेरिया अधिकारी दोप 02.00 बजे से डेंगू के लक्षण उपाय व बचाव से संबंधी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से कार्यशाला का आयोजन सी.एम.एच.ओ.सभागार में किया गया जिसमें मलेरिया विभाग के कर्मचारियों सहित बहुत संख्या में आशाओं की उपस्थिति रही। सभी ब्लाको में सुबह रैली का आयोजन उपरांत जनसामान्य में डेंगू से बचाव संबंधी जानकारी दी गई ।इस अवसर पर उन्होनें लोगों से अपील की गई है.



## सदगुवां जैन मंदिर में भव्य महामस्तकाभिषेक महोत्सव सम्पन्न

नवभारत,दमोह. परम पूज्य महासमाधि धारक संतशिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज व गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से तथा आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज, पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर महाराज व उपाध्याय श्री 108 विरंजन सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से शनि अमावस्या के पावन अवसर पर विशेष आयोजन हुआ.

# स्त्रियों के लिए पति ही प्रधान देवता हैं, पति से बढ़कर कोई हितकारी नहीं



**नवभारत,दमोह।** स्थानीय शैण्डेय बजरिया में स्थित डॉक्टर श्रीपाद शैण्डेय के निवास पर श्रीमद् भागवत मूलपाठ प्रारंभ हुआ इसके पूर्व भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने मूल पाठ के उपरांत व्याख्या करते हुए बताया कि रामचरितमानस में आया है कि महात्मा अत्रि के आश्रम पहुंचकर भगवान श्रीराम ने उन्हें प्रणाम किया .

महात्मा अत्रि ने भी उन्हें अपने पुत्र की भांति स्नेह पूर्वक अपनाया उन्होंने स्वयं ही श्रीराम का संपूर्ण आतिथ्य सत्कार करके महाभाग लक्ष्मण और सीता को भी सत्कार पूर्वक संतुष्ट किया संपूर्ण प्राणियों के हित में तत्पर रहने वाले धर्मज्ञ मुनिश्रेष्ठ अत्रि ने अपने समीप आई हुई सबके द्वारा सम्मानित तापसी एवं धर्म परायण पत्नी महाभागा अनसूया को संबोधित करके सांत्वना पूर्ण वचनों द्वारा संतुष्ट किया और कहा देवी विदेहराज नंदनी सीता को सत्कार पूर्वक हृदय से लगाओ तत्पश्चात उन्होंने भगवान श्रीराम को धर्म परायणा तपस्विनी अनसूया का परिचय देते हुए कहा कि एक समय 10 वर्षों तक वृष्टि नहीं हुई उस समय जब सारा जगत निरंतर दग्ध होने लगा तब जिन्होंने उग्र तपस्या से युक्त तथा कठोर नियमों से अलंकृत होकर अपने तप के प्रभाव से यहां फल मूल उत्पन्न किए और मंदाकिनी की पवित्र धारा बहाई तथा जिन्होंने 10 हजार वर्षों तक बड़ी भारी तपस्या करके अपने उत्तम व्रत के प्रभाव से ऋषियों के समस्त विघ्नों का निवारण किया था वे ही यह अनुसूया देवी हैं हे निष्पाप राम जिन्होंने देवताओं के कार्य के लिए अत्यंत उतावली होकर 10 रात के बराबर एक रात बनाई थी वे ही यह अनसूया देवी तुम्हारे लिए माता के भांति पूजनीया हैं ये संपूर्ण प्राणियों के लिए वंदनीया तपस्विनी हैं क्रोध तो इन्हें कभी छू भी नहीं सका है।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हुए विभिन्न कार्य

**नवभारत,दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के जबेरा विकास खंड के बहुत से ग्रामो में जल संरक्षण को लेकर मानव जीवन विकास समिति ने सराहनीय कदम उठाया है। मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में भिनेनि, हरदुआ कलुमर, चौरई, कांटी, पटी सिंगोरगढ में ग्रामीणजनों के सहयोग और श्रमदान आधारित खेत तालाब निर्माण कुआ गहरीकरण मुडेर निर्माण कार्य किया गया ।ग्रामीणों का मानना है,इन संरचनाओं के निर्माण से पानी की कमी को पूरा किया जा सकता वाटर रिचार्ज का कार्य होगा, पशुओं को पीने के पानी के साथ-साथ कृषि कार्य में जल की महत्पूर्ण भूमिका होगी। शासन की मंशा को पूर्ण करने और जनहित में जारी योजनाओं को ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य मानव जीवन विकास समिति द्वारा किया जा रहा है ।ब्लॉक समन्वयक राकेश कुमार विश्वकर्मा हरिबाई, अर्चना, अनिल कुमार, चरन सिंह के साथ कार्यकर्ताओं की महत्पूर्ण भूमिका रही।

## सिंग्रामपुर उपकेंद्र में लगा बड़ा पावर ट्रांसफार्मर, 32 गांवों को मिलेगा बेहतर वोल्टेज



**नवभारत,दमोह.** जिले के दक्षिण संभाग अंतर्गत वितरण केंद्र जबेरा के 33/11 केवी उपकेंद्र सिंग्रामपुर में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किया गया है। दमोह वृत्त के अधीक्षण अभियंता अमित चौहान एवं कार्यपालन अभियंता मोहन सोहेल के निर्देशन में 33/11 केव्ही उपकेंद्र सिंग्रामपुर में पूर्व में स्थापित 3.15 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 05.00 एमवीए कर दी गई है। इस कार्य से क्षेत्र के किसानों एवं आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने की आशा की जा रही है ।गौरतलब है कि हर वर्ष रबी सीजन एवं गर्मियों के दौरान क्षेत्र में सिंचाई हेतु एवं घरेलू बिजली की मांग बढ़ने के कारण किसानों को लो वोल्टेज की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता था ।इससे कृषि कार्य प्रभावित होते थे और किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की जा रही थी। जिसके चलते अब उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि के बाद सिंग्रामपुर सहित आसपास के 32 गांवों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। विशेष रूप से किसानों को सिंचाई कार्य के लिए बेहतर व स्थिर वोल्टेज उपलब्ध हो सकेगा, जिससे कृषि उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

साथ ही घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं को भी बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा ।इस महत्वपूर्ण कार्य के दौरान एसटीसी के सहायक अभियंता राघवेन्द्र परते, जबेरा वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता महेश महतो,एस.टी.एम. से अमित दुबे, विनोद अठ्या,प्रमोद रोहित,कमलेश,राघवेन्द्र झारिया, आशिक खान, द्वारका पटेल, चन्दन सिंह,मुकेश सेन,गोविंद पटेल,रवि पटेल, की उपस्थिति में कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# एसपी आनंद कलादगी खुद उतरे सड़क पर

**नवभारत, दमोह.** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) लगातार जिले के थानों और चौकियों का निरीक्षण कर लंबित अपराधों के निराकरण, थाना परिसर की साफ-सफाई और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दे रहे हैं.पदभार ग्रहण करने के बाद से अब तक उन्होंने ने एक दर्जन थानों सहित चौकियों का निरीक्षण कर चुके हैं.इसी क्रम में रविवार को एसपी आनंद कलादगी ने तेजगढ़,तेंदूखेड़ा, थाना तारादेही और चौकी इमलिया घाट पहुंचकर औचक निरीक्षण किया.उन्होंने थाना रिकॉर्ड, मालखाना, हवालात, सीसीटी एनएस कार्य और साफ-सफाई का जायजा लिया. साथ ही लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिये.





## थाना और चौकी का किया औचक निरीक्षण

### पुलिस बल को रिफ्लेक्टर जैकेट पहनाकर की ट्रैफिक चेकिंग

जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी( आईपीएस) खुद फील्ड में उतर गए हैं ।आज जबलपुर नाका चौकी पर उन्होंने एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, सीएसपी एच.आर. पांडे,यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को, चौकी प्रभारी जबलपुर नाका प्रियंका पटेल सहित पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला. एसपी श्री कलादगी ने पुलिस बल को रिफ्लेक्टर जैकेट पहनाकर लाइट बेटन के माध्यम से वाहनों की चेकिंग की.इस दौरान ब्रीथ एनालाइजर से वाहन चालकों की शराब चेकिंग भी की गई.पुलिस टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकार्रवाई की और आमजन को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया.


## एक नजर में



### पुरुषोत्तम माह पर गायत्री परिवार ने शुरू की रेल यात्रियों के लिए जल सेवा

**नवभारत,दमोह.** 17 मई से पुरुषोत्तम माह प्रारंभ होने पर गायत्री परिवार, गायत्री शक्तिपीठ दमोह से जुड़े अनुयायियों ने रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनों में साधारण श्रेणी के यात्रियों को निरूशुल्क जल सेवा का कार्य प्रारंभ किया .प्लेटफार्म नंबर 1 पर अहमदाबाद एक्सप्रेस की जनरल बोगियों में गायत्री परिवार के सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ यात्रियों को ठंडा आर.ओ. वाटर पिलाया. इसके बाद प्लेटफार्म नंबर 2 पर सोमनाथ एक्सप्रेस में भी इसी प्रकार जल सेवा की गई. रविवार को सेवा देने वालों में सर्वश्री अर्जुन लाल पटेल, पुनीत मिश्रा, भूप सिंह ठाकुर, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, तहसीलदार गुर्जर, प्रदीप खरे, मधुर असाटी,पं.वीरेंद्र गर्ग, भूपेंद्र तिवारी, राजकुमार नामदेव, नीरज शाक्य, प्रमोद विश्वकर्मा, राघवेंद्र नेमा, सुनील सैनी, लखन शुक्ला, प्रणव मिश्रा, महेंद्र मोनू ठाकुर, रोहित पटेल, जलज हर्ष श्रीवास्तव, बृजेश परिहार आदि रहें.

### भजनों और मंगल गीतों पर झूमे उठे श्रद्धालु



**पथरिया नवभारत 17 मई।** ग्राम किंद्रहो में छोटे लाल पटेल गंगापारी वालों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में वर्णित एक गूढ़ सत्य राधारानी और श्रीकृष्ण विवाह का आयोजन बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर नाच-मंगल गायन कर उत्सव मनाया। भगवान श्री राधा-कृष्ण विवाह के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया। भजनों और मंगल गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। विवाह उत्सव को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे वातावरण पूरी तरह कृष्णमय हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के जयकारों के साथ आनंद उत्सव मनाया। कथा स्थल पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने मिला।



## पेट्रोल पंप के सामने मिला अज्ञात शव, जांच में जुटी पुलिस

**नवभारत,दमोह.** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अस्पताल चौराहा स्थित कन्हैया पेट्रोल पंप के सामने रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव रविवार सुबह लावारिस हालत में पड़ा मिला.सूचना पर सिटी कोतवाली से आरक्षक प्रदीप कुमार, मनोज पांडे और आरक्षक राजेश ठाकुर मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को उठवाकर जिला अस्पताल के शव गृह में सुरक्षित रखवाया है.प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था. अज्ञात कारणों से उसकी मौत हुई है.फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है. मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे ।



## तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रही वृद्धा की रेलवे क्रॉसिंग पर मौत

**नवभारत,दमोह.** दमोह देहात थाना क्षेत्र की चौकी जबलपुर नाका के अंतर्गत समना रेलवे क्रॉसिंग के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया. शनिवार को जंगल से तेंदू पत्ता तोड़कर घर वापस लौट रही 60 वर्ष से अधिक उम्र की एक महिला की रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय मौत हो गई.सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दमोह देहात अमित गौतम, चौकी जबलपुर नाका से प्रधान आरक्षक गणेश, आरक्षक रूपेश यादव और आरक्षक जितेंद्र पटेल मौके पर पहुंचे.पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया.मृतका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं.

## स्थाई वसूली वारंट पर फरार आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह.** चौकी बनवार, थाना नोहटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.पुलिस ने माननीय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय दमोह, मोहम्मद अजहर की न्यायालय से जारी स्थाई वसूली गिरफ्तारी वारंट के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.



## अवैध शराब परिवहन करने वाली कार ने दो पाहिया वाहन को कुचला

### दो पहिया चालक बाल-बाल बचा



**नवभारत,तेंदुखेडा/दमोह.** तेंदूखेड़ा थाना के हाइस्कूल के आगे पुल पर जबलपुर तरफसे तेंदुखेडा की तरफआ रही एक बिना नंबर की कार ने अपना दो पहिया वाहन खड़ा कर चाय की गुमटी पर चाय पी रहे दो पाहिया वाहन को कुचल दिया. जब चाय की दुकान पर खड़े लोग वहां पहुंचे. तो कार के खुले गेट से कार के अन्दर देखा तो कार में अवैध शराब भरी हुई थी.इसकी सूचना लोगों ने डायल 112 को दी.डायल 112 ने पुलिस को जानकारी दी, तो थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी पुलिस के साथ पहुंचे और वाहन को अलग रखवाकर कार में रखी.शराब का नीचे उत्तर वाकर वीडियो बनवा कर गिनती की.तो कुल 34 पेटी अवैध शराब निकली.जिसमें 9 पेटी इंग्लिश शराब, रम, विस्की और 25 पेटी देशी प्लेन लाल शराब रखी थी.पुलिस ने वाहन को शराब सहित थाने लाकर मामला दर्ज कर लिया और भागने वाले आरोपी को तलाश कर रही है. इस दौरान भगवती मानव संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और मामला दर्ज होने के बाद आरोपियों को तलाश करने निकल गए.

विवाद | वीडियो वायरल,क्रॉस केस दर्ज

# तार काटने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**नवभारत,दमोह. चौकी बांदकपुर, थाना हिण्डोरिया क्षेत्र के ग्राम रियाना में तार काटने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई.जिसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया.पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किया है. घटना 14 मई 2026 को दोपहर करीब 1: 30 बजे की है.**



## पहला मामला

अप.क्र.166/26 धारा 296(ए), 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज हुआ. प्रार्थी दौलत पिता बसंत सिंह लोधी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रियाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी कमलेश लोधी, सुखसिंह लोधी, प्राण सिंह लोधी,सरू सिंह लोधी व शिब्बू लोधी सभी निवासी रियाना ने तार काटने के विवाद पर गाली-गलौज कर डंडा व रॉड से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. इस घटना में दौलत सिंह लोधी,दिव्यांश लोधी, रत्नेश लोधी व नीतेश लोधी घायल हुए हैं.

## दूसरा मामला

अप.क्र.167/26 धारा 296(ए), 115(2),118(1), 351(3), 324(4),3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। प्रार्थी प्राण सिंह पिता तरवर सिंह लोधी उम्र 50 वर्ष निवासी रियाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी दिव्यांश लोधी, अमर सिंह, नीतेश लोधी व अन्य ने मारपीट की.इस घटना में प्राण सिंह,रजनी लोधी, मालती लोधी,आरती लोधी,शांति लोधी, योगेश लोधी व टेकसिंह लोधी घायल हुए हैं.चौकी बांदकपुर पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.